जिला सैनिक कल्याण सोलन के सैनिक विश्राम गृह सोलन के निधि लेखाओं का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 4/05 से 3/08

भाग - एक.

1. **गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन**

गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन:- गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने पर पाया गया कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिवेदनों में सम्मिलित अनिर्णीत पैरो पर कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई थी। यह अनियमितता उच्चाधिकारियों के ध्यान में तुरंत आवश्यक कार्यवाही हेतु लाई जाती है। अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाही करना सुनिश्चित करें। अनिर्णीत पैरो की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है:-

(क) **लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/77 से 3/80**

पैरा 14 :- अनिर्णित

(ख) **लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/80 से 3/84**

पैरा 4(डी):- अनिर्णित

पैरा 6 (बी):- अनिर्णित

पैरा 6 (जे):- अनिर्णित

(ग) **लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/84 से 3/86**

पैरा 4 (बी):- अनिर्णित

पैरा 6 :- अनिर्णित

(घ) **लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/86 से 3/87**

पैरा 4 (बी):- अनिर्णित

पैरा 4 (ई):- अनिर्णित

पैरा 4 (एफ):- अनिर्णित

पैरा 5 (बी):- अनिर्णित

पैरा 6 (सी) :- अनिर्णित

(ड) **लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/87 से 3/91**

पैरा 4 :- अनिर्णित

पैरा 5 :- अनिर्णित

पैरा 6 :- अनिर्णित

पैरा 7 :- अनिर्णित

पैरा 9 :- अनिर्णित

पैरा 11 :- अनिर्णित

पैरा 15 (क) :- अनिर्णित

पैरा 17 :- अनिर्णित

पैरा 18 :- अनिर्णित

पैरा 20 :- अनिर्णित

पैरा 22 :- अनिर्णित

पैरा 29 (क) :- अनिर्णित

पैरा 29 (ग) :- अनिर्णित

पैरा 29 (घ) :- अनिर्णित

पैरा 30 :- अनिर्णित

पैरा 31 :- अनिर्णित

पैरा 33 (ख) :- अनिर्णित

पैरा 33 (ग) :- अनिर्णित

पैरा 34 (क) :- अनिर्णित

पैरा 34 (ख) :- अनिर्णित

पैरा 34 (ग) :- अनिर्णित

पैरा 35 (क) :- अनिर्णित

पैरा 35 (ख) :- अनिर्णित

पैरा 35 (ग) :- अनिर्णित

(च) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/91 से 3/97

पैरा 5 :- अनिर्णित

पैरा 6 :- अनिर्णित

पैरा 9 :- अनिर्णित

पैरा 10 :- अनिर्णित

पैरा 11 :- अनिर्णित

पैरा 12 :- अनिर्णित

पैरा 13 :- अनिर्णित

पैरा 14 :- अनिर्णित

पैरा 15 :- अनिर्णित

पैरा 16 :- अनिर्णित

पैरा 17 :- अनिर्णित

(छ) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/97 से 3/03

पैरा 6 :- अनिर्णित

पैरा 12 (क) :- अनिर्णित

पैरा 12 (ख) :- अनिर्णित

पैरा 12 (ग) :- अनिर्णित

पैरा 14 :- अनिर्णित

(ज) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/03 से 3/05

पैरा 4 :- निर्णित

पैरा 5 : निर्णित

पैरा 6 :- निर्णित

भाग -दो

2. **वर्तमान लेखा परीक्षा**

अवधि 4/05 से 3/08 तक के लेखाओं की वर्तमान लेखा परीक्षा हरदेव सिंह शांडिल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 25-09-08 से 30-09-08 तक की गई। माह 12/05, 10/06, 11/07 की आय एवं माह 8/05, 9/06, 11/07 के व्यय का चयन विस्तृत जांच हेतु किया गया। अनुवर्ती पैरों में वर्णित अभिलेख के अतिरिक्त अन्य समस्त वांछित अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किया गया।

3. **अंकेक्षण शुल्क**

अवधि 4/05 से 3/08 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क 3000 रु.बना जिसे अनुभाग अधिकारी के पत्र संख्या एक दिनांक 12/10/08 द्वारा उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण सोलन से उक्त राशि रेखांकित बैंक ड्राफ्ट से, निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला को भेजने का अनुरोध किया गया।

4. **वित्तीय स्थिति :-**

जिला सैनिक कल्याण सोलन के, विश्राम गृह सोलन की अवधि 4/05 से 3/08 तक की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी:-

वर्ष	प्रारंभिक शेष	वर्ष के दौरान प्राप्त आय	योग	व्यय	अंतिम शेष
2005-06	196714.18	89958.00	286672.18	66659.00	220013.18
2006-07	220013.18	107822.00	327835.18	143764.00	184071.18
2007-08	184071.18	78615.00	262686.18	90562.00	172124.18

जमा राशि का विवरण

सावधी खाते में जमा राशि	=100000.00
बचतखाता संख्या 55080128632 में जमा राशि	72124.18
योग	172124.18

5 5. वाउचर संख्या 92, दिनांक 31/12/07, राशि 5400.00 :-

जिला निर्वाचन आधिकारी सोलन के पत्र संख्या 3 सोलन एस. /2003-इएलएन-1040, दिनांक 5/09/07 की अनुपालना में सैनिक विश्राम गृह में विधान सभा चुनाव 2007 जो कि दिनांक 19/12/07 को संपन्न हुए, के लिए स्थाई वुडन रैम्प को बनाने हेतु मैसर्ज हीरा शर्मा, सब्जी रोड क्लीन, सोलन को 5400.00 रुपए का भुगतान किया गया। परंतु नियमानुसार उक्त रैम्प पर किया गया 5400.00 रुपए का व्यय विश्राम गृह की निधि पर ।ध प्रभार नहीं है। अत: इस राशि की प्राप्ति निर्वाचन विभाग से करने हेतु अपेक्षित कार्रवाही शीघ्र की जानी सुनिश्चित की जाए।

6 विश्राम गृह के आगंतुक रजिस्टर की क्रम संख्या 1720 पर, सैनिक विश्राम गृह का लॉन, वारान्डाह दिनांक 10/10/06 से 22/10/06 तक 1500 रुपए प्रतिदिन की दर से मैसर्ज मेहुल इंटरप्राइजिज, दी माल सोलन को किराए पर दिया गया, परंतु किराया (13×1500) =19500 रुपए के स्थान पर 16500 रुपए लिया गया जिस बारे स्थिति स्पष्ट करें अन्यथा उक्त 3000 रुपए के किराए की राशि की वसूली उक्त फर्म से शीघ्र की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए।

7 निम्न विवरणानुसार पानी के बिलों का भुगतान निर्धारित देय तिथि को न करने के कारण 64 रुपए की राशि इन बिलों के अधिभार के रूप में भुगतान की गई। अत: इन बिलों का भुगतान देय तिथि को न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा उक्त 64 रुपए की अधिभार की राशि को शीघ्र कैश बुक में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

वाउचर संख्या	दिनांक	बिल संख्या	दिनांक	बिल की अवधि	बिल की अदायगी समय पर करने पर देय राशि	देय तिथि के पश्चात बिल का भुगतान करने पर देय राशि	अधिभार की राशि
18	2-06-06	057	1-05-06	4/06	89	81	8
33	2-08-06	058	1-07-06	6/06	89	81	8
39	4-09-06	057	1-08-06	7/06	89	81	8
54	6-10-06	119	1-09-06	8/06	89	81	8
97	1-03-07	098	1-07-07	12/06	89	81	8

79	2-01-07	56	1-12-06	11/06	89	81	8
108	22-02-08	066	1-2-08	1/08	89	81	8
117	19-3-08	055	1-03-08	2/08	89	81	8
						कुल योग	64.00

8 लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि सैनिक विश्राम गृह के लिए निम्नलिखित मदों का क्रय किया गया था परंतु इन्हें स्ट्राक रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अपेक्षित कार्रवाई शीघ्र की जानी सुनिश्चित की जाए।

वाउचर संख्या	दिनांक	जिसे भुगतान किया गया	क्रय का विवरण	मात्रा	दर	राशि जो भुगतान की गई	टिप्पणी
41	4-09-06	मै. हिमाचल ट्रेडिग कंपनी, दी माल सोलन, कैश मैमों संख्या 1087, दिनांक 25-7-07	फ्लोट वाल्व	1	140	140.00	इसे सैनिक विश्राम ग्रह के मुख्य टैंक में लगाया दर्शाया गया था, परंतु उसकी स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई।
41	4-09-06	मैं. हिमाचल ट्रेडिग कंपनी, दी माल सोलन, कैश मैमों संख्या 1087, दिनांक 25-7-07	पी.वी.सी. वॉल	1	20	20.00	स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया।

9 निम्न विवरणानुसार 219.00 रुपए की राशि फोटोस्टेट करवाने पर व्यय की गई थी, परंतु अभिलेख में यह नहीं दर्शाया गया था कि उक्त फोटोस्टेट पेपर किस प्रयोजन से फोटोस्टेट करवाए गए थे

वाउचर संख्या	दिनांक	जिसे भुगतान किया गया	मात्रा	दर	राशि	टिप्पणी
69	1-11-07	नहीं दर्शाया गया	नहीं दर्शाई गई	नहीं दर्शाई गई	80 50	उक्त भुगतान किस को किया गया इसका अभिलेख में कोई विवरण नहीं दिया गया था उक्त फोटोस्टेट न्यायालय के मामले में किया गया दर्शाया गया था। परंतु किस न्यायालय के मामले के संबंध में किया गया इसका विवरण अभिलेख में नहीं दिया गया था।
71	1-11-07	मैसर्ज गुप्ता फोटोस्टेट बिल संख्या 0422, दिनांक 17-10-07	25	1	25	किस प्रयोजन से, क्या फोटोस्टेट किया गया इसका अभिलेख में उल्लेख नहीं किया गया था।
72	1-11-07	मैसर्ज गुप्ता फोटोस्टेट बिल संख्या 0428, दिनांक 23-10-07	14	1	14	किस प्रयोजन से, क्या फोटोस्टेट किया गया इसका अभिलेख में उल्लेख नहीं किया गया था।
				योग	219	

10 स्टॉक रजिस्टर की जांच के दौरान पाया गया कि समय-समय पर, बिजली का सामान, चौक, स्टाटर इत्यादि का क्रय दर्शाया गया था परंतु स्टॉक रजिस्टर पर केवल "Fitted" लिखा गया था, इस क्रय किए गए

सामान को कहां पर लगाया गया इसका अभिलेख में कोई विवरण नहीं किया गया था। इस प्रकार क्रय किए गए सामान का स्टॉक रजिस्टर में पूर्ण विवरण दिया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण में बताई जाए। इस प्रकार के कुछ प्रकरण निम्न प्रकार से है:-

क्रम संख्या	वाउचर संख्या	दिनांक	जिसे भुगतान किया गया	क्रय का विवरण	भुगतान की गई राशि
1.	67	1-11-07	मैं. गुप्ता रेडियो सर्विस, बिल संख्या 3609, दिनांक 6-10-07	बिजली का सामान, बैटन, सिलिंग रोज, होल्डर, तारें इत्यादि	481.87
2.	73	1-11-07	मैं. गुप्ता रेडियो सर्विस, बिल संख्या 3642, दिनांक 29-10-07	चौक स्टार्टर का क्रय	144.00
3.	115	19-03-08	मैं. गुप्ता रेडियो सर्विस, बिल संख्या 5853, दिनांक 31-1-08	एक एक्स्टेंशन बोर्ड, 5 स्वीच व 5 सौकेट के साथ	407.75

11 स्टॉक रजिस्टर मद वार न तैयार करके एक ही पृष्ठ पर कई-कई मदों को दर्ज करके इन सभी मदों को issued लिखकर के शेष शून्य दर्शाया गया था। उदाहरणार्थ "Expendable" स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 2 पर झाडू, हारपिक, ट्यूब, बल्व, सीएफएल बल्व, ताले इत्यादि एक साथ दर्ज किए गए थे। भविष्य में स्टॉक रजिस्टर में कई-कई मदों को एक ही पृष्ठ पर दर्ज न करके उन्हें पृष्ठवार दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार इनकी खपत दर्शाई जानी सुनिश्चित की जाए

12 विश्राम गृह के नियम 15 के अनुसार, विश्राम गृह के आगंतुक रजिस्टर में प्रत्येक यात्री के हस्ताक्षर, उसका पूरा पता, फोन नंबर व उसके प्रस्थान का समय लिखा जाना आवश्यक है। परंतु आगंतुक रजिस्टर में उक्त विवरण नियमित रूप से नहीं दिया जा रहा था। उदाहरणार्थ क्रम संख्या 1370, 1371, 1376, 1377, 1378

ग 1394 पर उक्त विवरण नहीं दिया गयाथा जो कि नियमों के विपरीत है। अतः भविष्य में आगंतुक रजिस्टर में उक्त विवरण नियमित रूप से दिया जाना सुनिश्चित किया जाए।

13 (क) सैनिक विश्राम गृह सोलन की आगंतुक रजिस्टर के प्रथम पृष्ठ पर रजिस्टर में उपलब्ध कुल पृष्ठ संख्या का प्रमाण पत्र नहीं दिया गया था। अतः रजिस्टर में उक्त प्रमाण पत्र दिया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(ख) विश्राम गृह के आगंतुक रजिस्टर का रखरखाव निर्धारित प्रपत्र पर नहीं किया गया था। अतः विश्राम गृह के आगंतुक रजिस्टर का रखरखाव निर्धारित प्रपत्र पर प्रिंटिंग फार्म में किया जाना सुनिश्चित किया जाए

14 **लघु आपत्ति विवरणिका -:** इसे अलग से जारी नहीं किया गया।

15 **निष्कर्ष:-** गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के पैरो के निपटारे हेतु तुरंत प्रभावी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है तथा वर्तमान लेखाओं के रखरखाव में सुधार की आवश्यकता है।

अनुभाग अधिकारी
स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग,
हि.प्र. शिमला -9

पृष्ठांकन संख्या | 380 दिनांक 26-12-2008.

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रपित है :-

1 उपनिदेशक, जिला सैनिक कल्याण विभाग सोलन , हि.प्र. को इस आशय के साथ प्रपित है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई का सटिप्पण उत्तर इस विभाग को शीघ्र भेजें।

2 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय , हमीरपुर हि.प्र. ।

3 जिलाधीश सोलन, जिला सोलन हि.प्र.

4 सचिव, (सामान्य प्रशासन विभाग) हि.प्र. सरकार शिमला -2

5 निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि.प्र. शिमला -9

अनुभाग अधिकारी
स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग ,
हि.प्र. शिमला -9